TSVS में मदर्स ने नेचर थीम पर दी परफॉर्मेंस

द संस्कार वैली स्कूल (टीएसवीएस) में गुरुवार को फोर्थ ग्रेड के स्टूडेंट्स की मदर्स ने की पेरेंट्स एसेंबली, नेचर को सुरक्षित रखने का दिया मैसेज

PARENTS ASSEMBLY @ TSVS

सिटी रिपोर्टर • द संस्कार वैली स्कूल में गुरुवार को ग्रेड फोर्थ के स्टूडेंट्स की मदर्स ने पेरेंट्स एसेंबली आयोजित की। इसकी खासियत यह रही कि मदर्स ने काफी दिनों की प्लानिंग और प्रैक्टिस के बाद स्कूल के ऑडिटोरियम में यह परफॉर्मेंस दी। इसकी थीम थी, 'नर्चर द नेचर'। सफेद सलवार-कमीज और रंग-बिरंगे दुपट्टे पहने मांओं ने जब परफॉर्मेंस देना शुरू की, तो स्टूडेंट्स ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

इनमें से एक प्रेग्नेंट मदर ने भी भाग लिया। उन्होंने स्टूडेंट्स को बताया कि मनुष्य का बढ़ता लालच कुदरत को नुकसान पहुंचा रहा है। अगर हम अपनी लालची प्रवृत्ति को छोड़ दें, तो प्रकृति को सुरक्षित रख सकते हैं। अपनी परफॉर्मेंस में उन्होंने पॉपुलर सॉन्ग 'ओ री चिरैया...', 'चक धूम-धूम...', 'माय ड्रीम इज टू फ्लाई...', 'आवारा भंवरे...', पर 29 मदर्स ने यह प्रस्तुति दी। इस आयोजन का उद्देश्य सभी मांओं को आपस में मिलने का एक मौका देना था। इससे पहले इस थीम को लेकर मदर्स का ओरिएंटेशन प्रोग्राम भी रखा गया था, जिसमें उन्हें शुरुआती गाइडेंस दी गई थी। इसके बाद वॉट्सएप का एक ग्रुप बनाकर मदर्स को दिया गया, ताकि वे अपने स्तर पर कार्यक्रम की बाकी चीजों की प्लानिंग कर सकें। इसके बाद मदर्स एकजुट हुईं और उन्होंने तैयारी शुरू कर दी। फाइनल परफॉर्मेंस से पहले उन्हें स्कूल स्टेज में रिहर्सल भी की क्योंकि कई साल बाद दोबारा मंच में प्रस्तुति देने का मौका मिलने जा रहा है, जिसमें वे किसी भी तरह की कमी नहीं चाहती थीं। इस दौरान स्कूल स्टूडेंट्स ने वेबसाइट के लिए वेब रिपोर्टिंग भी की। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. अमलान के. साहा और हेडमिस्ट्रेस मनप्रीत भान भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मौजूद स्टूडेंट्स ने सभी पार्टिसिपेंट्स का हौसला बढ़ाया।